छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस

हाल ही में **1 नवंबर से 3 नवंबर, 2022 तक** आयोजित होने वाले **राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव** के **तीसरे संस्करण** का उद्घाटन राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर **रायपुर, छत्तीसगढ़** में किया गया।

- इस कार्यक्रम में भारत और मोज़ाम्बिक, मंगोलिया, टोंगो, रूस, इंडोनेशिया, मालदीव, सर्बिया, न्यूज़ीलैंड एवं मिस्र सहित 10 देशों के 1,500 से अधिक आदिवासी कलाकार प्रतिभाग करेंगे।

छत्तीसगढ़ (Chhattisgarh):

- **परिचय:**
  - **1 नवंबर, 2000** को मध्य प्रदेश से **16 छत्तीसगढ़ी भाषी ज़िलों** को अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य **का गठन** किया गया था।
  - यह **135,190 वर्ग किमी के क्षेत्रफल** के साथ भारत का **10वाँ सबसे बड़ा राज्य** है।
  - यह भारत में इस्पात और विद्युत शक्ति के उत्पादन के लिये एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है, जो भारत में उत्पादित कुल इस्पात का लगभग 15% उत्पादन करता है।
  - छत्तीसगढ़ मुख्य रूप से अपने कृषि कार्यों हेतु प्रसिद्ध है, जो लगभग 80% कार्यबल के लिये ज़िम्मेदार है। चावल के उत्पादन के कारण इसे **'धान का कटोरा'** के नाम से भी जाना जाता है जिसका अर्थ है **'चावल का कटोरा'**।
- **सीमावर्ती राज्य :**
  - यह सात राज्यों से घिरा हुआ है: **मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड और उत्तर प्रदेश।**
- **राजधानी :**
  - **रायपुर**
- **भाषा:**
  - छत्तीसगढ़ के लोगों की मूल भाषा **छत्तीसगढ़ी** है।
    - हालाँकि **यहाँ हिंदी भी लोकप्रिय है।**
- **जनजातियाँ:**
  - इस राज्य की कुछ प्रमुख जनजातियों में **मरियम, बैगा, कमर, हलबा, गोंड, भुमजा, कवार** आदि हैं।
- **प्रमुख त्योहार:**
  - आदिवासी समाजों द्वारा मनाए जाने वाले कुछ उल्लेखनीय त्योहारों में **बस्तर दशहरा, बस्तर लोकोत्सव, कोरिया मेला, फागुन वडाई, मडई महोत्सव, गोंचा महोत्सव, पोला महोत्सव** और अन्य शामिल हैं।
- **खनिज संसाधन:**
  - यह **कोयला, लौह अयस्क और डोलोमाइट** जैसे खनिजों का प्रमुख उत्पादक है।
    - इसके अलावा इस राज्य में **बॉक्साइट, चूना पत्थर और क्वार्टजाइट** के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं।
    - इस राज्य में **भारत के टिन अयस्क भंडार का 35.4% हिस्सा है।** छत्तीसगढ़ **भारत का एकमात्र राज्य है जहाँ टिन कंसन्ट्रेट्स (tin concentrates) का उत्पादन होता है।**
- **महत्वपूर्ण नदियाँ:**
  - इस राज्य में **महानदी, गंगा, गोदावरी और नरमदा** नामक चार मुख्य जलग्रहण क्षेत्र हैं।
    - इसके अंतर्गत महानदी, शिवनाथ, अर्पा, इंद्रावती, सबरी, लीलागर, हसदो, पैरी और सोंदूर प्रमुख नदियाँ शामिल हैं।
- **राष्ट्रीय उद्यान:**
  - **इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान**
  - **गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान**
  - **कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान**
- **वन्यजीव अभयारण्य:**
  - तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य
  - पामेड वन्यजीव अभयारण्य
  - गोर्मदा वन्यजीव अभयारण्य
  - बादलखोल वन्यजीव अभयारण्य
  - भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य
  - भैरमगढ़ वन्यजीव अभयारण्य

- सेरामसोट वन्यजीव अभयारण्य
- बरनवापारा वन्यजीव अभयारण्य
- सीतानदी वन्यजीव अभयारण्य
- **नंदन वन वन्यजीव अभयारण्य**
- पाइथन फॉरेस्ट वन्यजीव अभयारण्य
- नरसहिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य
- उदंती जंगली भैंस वन्यजीव अभयारण्य

टाइगर रज़िर्व:

- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकिरण (NTCA) ने **गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पगिला वन्यजीव अभयारण्य के संयुक्त क्षेत्रों को टाइगर रज़िर्व के रूप में नामति कयिा है।**

CHHATTISGARH
DISTRICT MAP
UTTAR PRADESH
JHARKHAND
MADHYA PRADESH
BALRAMPUR
KOREA
SURAJPUR
SURGUJA
JASHPUR
KOBRA
MUNGELI
BILASPUR
RAIGARH
KABIRDHAM
JANJGIR
BEMETARA
BALODA BAZAR
MAHASAMUND
N
DURG
RAJNANDGAON
RAIPUR
BALOD
DHAMTARI
GARIYABAND
ODISHA
MAHARASHTRA
KANKER
BASTAR
NARAYANPUR
KONDAGAON
BIJAPUR
DANTEWADA
SUKMA
ANDHRA PRADESH
TELANGANA
Map is not to scale

//

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन सा खनिज छत्तीसगढ़ राज्य में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है? **(2008)**

1. बॉक्साइट
2. डोलोमाइट
3. लौह अयस्क
4. टिन

नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:

कूट:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (d)

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-foundation-day